उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया है ।

(ग) 1994-95 के दौरान मध्य प्रदेश में मध्य रेलवे के अन्तर्गत किसी रेल लाइन का विस्तार करने का प्रस्ताव नहीं है ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) मध्य प्रदेश में गुना-इटावा और गोधरा-दाहोद-इंदौर तथा देवास-मक्सी नई लाइनों, नीमच-रतलाम के आमान परिवर्तन और ग्रांड ट्रंक मार्ग पर इकहरी लाइन वाले टुकड़ों में दोहरी लाइन बिछाने जैसे परियोजनाओं के लिए 1994-95 में 37.80 करोड़ रुपये का आबंटन किया गया है ।

Construction of railway bridge over Ganga river

2479. SHRI GAYA SINGH: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that there is a proposal under Government's consideration for construction of railway bridge over Ganga river from Digha Ghat to Sonepur for a long time;

(b) if so, what are the details thereof; and

(c) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI K. C. LENKA): (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

(c) the high cost and unremunerative nature of the project as revealed by the survey.

देश में खतरनाक रेल पुल

2480. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में अधिकांश रेल पुल बहुत पुराने हो गये हैं और खतरनाक स्थिति में पहुंच गये हैं ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे पुलों की संख्या कितनी है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कुछ पुलों की स्थिति खराब हो जाने के कारण उन पर गाड़ियों को बहुत ही धीमी गति से चलाया जाता है ;

(घ) यदि हां, तो ऐसे पुलों की संख्या कितनी है ;

(ङ) क्या सरकार के पास ऐसे पुलों की मरम्मत करने या उनके स्थान पर नये पुल बनाने की कोई योजना है ;

(च) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(छ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० सी० लेंका) : (क) जी नहीं

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) जी नहीं । तथापि 141 पुलों की सुदृढ़ता कम होने के कारण उन पर गति प्रबंध लगे हैं ।

(ङ) और (च) गाड़ियों का सुरक्षित संचलन सुनिश्चित करने के लिए पुलों का पुननिर्माण और पुनःस्थापन कार्यक्रम के आधार पर किया जाता है ।

(छ) प्रश्न नहीं उठता ।